भिलाई निगम के जनप्रतिनिधि श्रमदान कर स्वच्छता ही सेवा का देंगे संदेश

भिलाईनगर/ स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत 01 अक्टूबर को निगम भिलाई के संपूर्ण 70 वार्डों में महापौर, पार्षद, स्कूल कॉलेज के छात्र, समाजसेवी, व्यवसायिक संगठन, स्वयं सेवी संस्था महिला समूह तथा शहर के आम नागरिकों द्वारा वृहद स्वच्छता अभियान में 01 घण्टा अपना श्रमदान कर महात्मा गांधी को स्वच्छता श्रद्धांजलि अर्पित करेगें। भिलाई निगम के महापौर नीरज पाल , सभापति गिरवर बंटी साहू, महापौर परिषद के सदस्य सहित समस्त वार्ड के पार्षद 01 घंटा श्रमदान कार्यक्रम में शामिल होकर स्वच्छता से संबंधित कार्यक्रम को सफल बनायेगें।

निगम आयुक्त रोहित व्यास ने बताया की भारत सरकार तथा राज्य सरकार द्वारा जारी परिपत्र के तहत 01 अक्टूबर को स्वच्छता से नागरिकों को जोड़ने विशेष अभियान आयोजित किया जाएगा। जिसमें सम्पूर्ण निगम क्षेत्र में प्रातः 10 से 11 बजे 1 घंटा स्वच्छता श्रमदान से शहर के जनप्रतिनिधि , नागरिक एवं संस्थाएॅ साफ-सफाई कर भिलाई को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने में अपनी सहभागिता देंगे। अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी ने सभी कर्मचारियों को अलग अलग कार्य की जिम्मेदारी सौंपी गई है जिसे पूरी निष्ठा व गंभीरता से क्रियान्वयन करना सुनिश्चित करने कहा है। अभियान के तहत रहवासी क्षेत्र , खेल मैदान , बाजार क्षेत्र , सार्वजनिक क्षेत्र, मुक्तिधाम, कब्रिस्तान, मंदिर, गुरूद्वारा, गिरिजाघर, स्कूल, तालाब, उद्यान जैसे स्थलों को चयन किया गया है साथ ही गली मोहल्लों में भी सफाई अभियान चलाया जायेगा। इस प्रकार 01 अक्टूबर को निगम क्षेत्र के सभी 70 वार्ड में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। वार्ड सुपरवाईजर लोगो के घर-घर जाकर स्वच्छता श्रमदान में भाग लेने आमंत्रित कर रहे है तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा मुनादी भी करवाया जा रहा है , ताकि अधिक से अधिक लोग सफाई श्रमदान में भाग लें।